क्रिकेट | एआईआरएफ डब्लूसीआरईयू द्वारा आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

ऑपरेटिंग, टीआरएस, एनकेजे और आरपीएफ की शानदार जीत

नवभारत,जबलपुर । एआईआरएफ डब्लूसीआरईयू द्वारा आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को चार रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। इसी कड़ी में पहला मैच ऑपरेटिंग बनाम नर्मदा बॉयज के बीच खेला गया। दिन के पहले मुकाबले में ऑपरेटिंग की टीम ने एकतरफा जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑपरेटिंग ने 10 ओवरों में 144 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से हरिओम ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 64 रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में नर्मदा बॉयज की टीम दबाव नहीं झेल सकी और पूरी टीम मात्र 54 रनों पर सिमट गई। वही दूसरा मैच मैकेनिकल बनाम एनकेजे टीआरएस के बीच हुआ। जिसमें दूसरा मुकाबला बेहद प्रतिस्पर्धी रहा। मैकेनिकल ने पहले खेलते हुए 10 ओवर में 71 रन बनाए। 72 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनकेजे टीआरएस की टीम ने आक्रामक रुख अपनाते हुए मात्र 8 ओवरों में 3 विकेट खोकर 73 रन बना लिए और जीत दर्ज की। आर. एस. को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन (31 रन और 1 विकेट) के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इनकी रही उपस्थिति

मैच के दौरान रोमेश मिश्रा, बीएन शुक्ला, त्रिलोक नायडू, हसन अली, अजय गोस्वामी, रणवीर सिंह, अमरजीत, देवेंद्र, प्रशांत, जितेंद्र, ओपी सिंह, कैलाश यादव, ब्रजेश पटेल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बढ़ता गया रोमांच

दिन का तीसरा मैच इलेक्ट्रिक पावर बनाम आरपीएफ के बीच हुआ। इस तीसरे मैच में आरपीएफ ने अपनी धाक जमाई। आरपीएफ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 93 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इलेक्ट्रिक पावर की टीम 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर केवल 60 रन ही बना सकी। आरपीएफ की ओर से धर्मेंद्र पटेल को उनकी 39 रनों की मैच जिताऊ पारी के लिए मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। अंत में चौथा मुकाबला ईएनजी एचक्यू और कछपुरा टीआरडी के बीच हुआ। जिसने ईएनजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 103 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर 8 विकेट के नुकसान पर बनाया। कछपुरा टीआरडी की टीम जवाब में 10 ओवरों में 60 रन ही बना पाई। ईएनजी ने यह मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। बता दे कि मैन ऑफ़ मैच का खिताब मंडल सचिव रोमेश मिश्रा, एसएसई टीआरडी वीरेंद्र रघुवंशी, मेल गार्ड अनिल तिवारी ईसीसी डेलीगेट जितेंद्र वर्मा के द्वारा ऑपरेटिंग के हरिओम, आरपीएफ के धर्मेंद्र पटेल, रोहित को दिया गया

डॉक्टर इलेवन, एकता और ग्रामीण मिक्स ने जीते मैच

▸ 27 वीं कॉमरेड रामशंकर रजक स्मृति रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

नवभारत,जबलपुर। ओलंपिक स्टेडियम खमरिया में चल रही 27 वीं कॉमरेड रामशंकर रजक स्मृति रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में डॉक्टर इलेवन, एकता और ग्रामीण मिक्स इलेवन ने मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया। आयोजन समिति के सुरेश ने बताया कि वेस्टलैंड क्रिकेट क्लब और डॉक्टर इलेवन के बीच मैच खेला गया जिसमें वेस्टलैंड क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में 7 विकेट खोकर 91 रन बनाए। लक्ष का पीछा करने उतरी डॉक्टर इलेवन की टीम ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए मैच 9 विकेट से जीत लिया। डॉक्टर इलेवन की ओर से नंदू के शानदार 61 रनों की पारी व 1 विकेट के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार दिया गया। इसके बाद एकता क्लब और डीसीसी बॉयज के बीच मैच खेला गया जिसमें डीसीसी बॉयज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 61 रन बनाए। एकता ने लक्ष्य का पीछा 7 ओवर में करके मैच जीत लिया। एकता की ओर से अनुराग को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

फिर ग्रामीण मिक्स इलेवन बनाम दादा इलेवन के बीच मैच खेला गया जिसमें दादा इलेवन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 73 रन दस ओवर में बनाए। जिसके जवाब में ग्रामीण मिक्स ने 74 रन बनाकर मैच जीत लिया। ग्रामीण मिक्स की ओर से दर्शन को मैन ऑफ द मैच दिया गया। इस मौके पर अर्णव दास गुप्ता , सुकेश दुबे, खेल समिति अध्यक्ष निखिल सुमन ,विनय चवारे ,राजेंद्र वर्मा, सुरेंद्र गोचर , सतीश नेहरा, भूपेंद्र मीना, अश्विनी कुमार , बबलू कुमार , चंद्रप्रकाश, राष्ट्रीय कॉमेंटेटर गजेंद्र पाल सिंह सहित समस्त यूनियन पदाधिकारी और ग्राउंड कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

बैंक ऑफ इंडिया ने मनाई बाबा साहब की जन्म जयंती

नवभारत,जबलपुर। बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर अंचल ने अपनी शाखाओं के समस्त स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जन्म जयंती हर्षोल्लास से मनाई। रमेश कुमार (आंचलिक प्रबन्धक एवं संतोष सहाय (उप-आंचलिक प्रबन्धक) ने इस कार्यक्रम में पधारे एससी/ एसटी/ ओबीसी एम्प्लॉईस वेलफेयर एसोशिएशन (म.प्र. इकाई) के अध्यक्ष आर. एस. ठाकुर एवं प्रतिनिधियों के साथ-साथ उपस्थित सभी स्टाफ सदस्यों का अभिवादन किया एवं बाबा साहब के द्वारा समाज निर्माण हेतु दिये गए योगदान का पुनस्मरण किया। बैंक ऑफ इंडिया के समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र पर सादर माल्यार्पण एवं उनको नमन किया गया।

समता दिवस के रूप में मनाई जयंती

नवभारत,जबलपुर। नागरिक अधिकार मंच और संविधान जागरूकता फोरम के तत्वाधान में हलवाई बादशाह मंदिर के समीप डॉ. बी. आर. आंबेडकर की 135वीं जयंती 'समता दिवस' के रूप में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत युवाओं की नृत्य प्रस्तुति से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शेख साहिल ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देवेश चौधरी रहे। इस अवसर पर एड.अरविन्द श्रीवास्तव, मशहूर कबीर गायक डब्बल कबीर, रामरतन यादव, विवेक अवस्थी, अरविन्द चौधरी, यमेश चौधरी, राजेंद्र गुप्ता, राजेंद्र चौधरी और बैजनाथ कुशवाहा ने अपने विचार रखे।

एपीएन स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन





नवभारत,जबलपुर। ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय की छात्रा खुशी सुथार ने 89.60% अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की, वहीं छात्र हृदय राज ने 85.80% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण को दिया। संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को लगन एवं जिम्मेदारी के साथ अध्यापन कराया जाता है, जिसका परिणाम इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के रूप में सामने आया है। प्राचार्य करण खुराना ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

डीपीएस स्कूल के छात्र शिवांश ने मेरिट में बनाई जगह

नवभारत,जबलपुर। सीबीएसई द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा में डी.पी.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मेधावी छात्र शिवांश सिंह ने सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ 95% अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान हासिल किया है। शिवांश सिंह बिहार के आरा निवासी परिवार से संबंध रखते हैं। वे वरिष्ठ अधिवक्ता मुरारी सिंह एवं सुशीला देवी के प्रपौत्र हैं। वहीं इंजी. कुमार जितेंद्र एवं नीतू सिंह के सुपुत्र तथा शौर्य सिंह के बड़े भाई हैं। विद्यालय ने शिवांश की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें दो बार प्रोजेक्ट प्रदर्शन हेतु मुंबई भेजा, जहां उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट के लिए सम्मानित भी किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं परिजनों ने गर्व व्यक्त किया है।

बांग्ला नववर्ष पोइला वैशाख सिटी बंगाली क्लब में हर्षोल्लास से मनाया

नवभारत,जबलपुर। सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन, सिटी बंगाली क्लब द्वारा बांग्ला नववर्ष 1433 पोइला वैशाख बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। जिस में बड़ी संख्या में बंगभाषी समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संस्था के अध्यक्ष सुब्रत पाल ने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं जिसके साथ डी.के. रॉय एवं सुरजीत गुहा ने भी अपने शुभकामना संदेश व्यक्त किए, जबकि सचिव प्रकाश साहा ने अंत में आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। जिस में सुजय बनर्जी को संस्था में योगदान के लिए, मीता भट्टाचार्य को संगीत क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु, तरुण गुहा नियोगी को साहित्य जगत में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कृतिका मित्रा को केबीसी में पहुंचकर 50 लाख रुपये के प्रश्न का सही उत्तर देकर संस्था का नाम गौरवान्वित करने पर विशेष प्रोत्साहन सम्मान प्रदान किया गया। अशोक कुमार बैनर्जी को नाट्य क्षेत्र में योगदान के लिए समेंद्र दास गुप्ता सम्मान से सम्मानित किया गया। सभी सम्मानितों को शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए।

इनका रहा विशेष योगदान

इस अवसर पर काली मंदिर में पूजा-अर्चना की गई तथा लोगों ने नए वस्त्र धारण कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं गई। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का चंदन तिलक लगाकर एवं गुलाब पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की सफलता में डी.के. रॉय, सुरजीत गुहा, आशीष घोष, तापस चक्रवर्ती, आई.बी. रुद्र, शेखर डे, विजय भट्टाचार्य, नीलाद्री चटर्जी, सौरव सोम, आशीष सेन, मुकुल घोष, आर.एन. दत्ता, विश्वजीत घोष, मृत्युंजय पाल, अभिजीत घोष सहित अन्य सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

बंगाली मिठाई वितरित की

नववर्ष के कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की विशेष छटा रही। सुजाता पाल द्वारा रवींद्र संगीत एवं नववर्ष गीत प्रस्तुत किए गए, वहीं बच्चों द्वारा स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन संगीता भद्रा ने किया। नववर्ष मिलन समारोह के अंतर्गत बंगाली पारंपरिक वेशभूषा में सजे युगल दंपत्तियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रश्नोत्तरी एवं तंबोला जैसे मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। इस दौरान बंगाली लजीज व्यंजन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे तथा सभी को मिठाई के डिब्बे वितरित कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं।

दो वर्षों से फरार धोखाधड़ी के दो आरोपी गिरफ्तार

अनूपपुर, नवभारत। थाना भालूमाड़ा पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो वर्षों से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। मामला अपराध क्रमांक 350/2024 से संबंधित है, जिसमें धारा 420, 406, 409 एवं 120बी के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। इस मामले के आरोपी अभय चौरसिया एवं सूरज चौरसिया घटना के बाद से लगातार दो वर्षों से फरार चल रहे थे। थाना प्रभारी भालूमाड़ा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय ने उन्हें जेल भेजने के आदेश दिए।

अवैध मुरूम उत्खनन करते लाल मैसी ट्रैक्टर जब्त

नवभारत, गोहपारू । शहडोल जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन माफ्यिाओं के खिलाफ प्रशासन ने कड़े तेवर अपना लिए हैं। एसडीएम काजोल सिंह की अगुवाई में आज एक बार फिर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। लाल रंग का मैसी ट्रैक्टर पकड़ा गया-एसडीएम काजोल सिंह ने छापेमारी करते हुए अवैध मुरूम का उत्खनन कर परिवहन कर रहे एक लाल रंग के मैसी (डेंमल) ट्रैक्टर-ट्रॉली को घेराबंदी कर जब्त किया है। प्रशासन की इस सक्रियता से क्षेत्र के खनन माफ्यिाओं में हड़कंप का माहौल है।

सवालों के घेरे में गोहपारू पुलिस

हैरानी की बात यह है कि जहाँ एक ओर एसडीएम लगातार मैदानी कार्रवाई कर माफ्यिाओं को दबोच रही हैं, वहीं गोहपारू पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

बड़ा सवाल-क्षेत्र में सरेआम अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है, लेकिन गोहपारू पुलिस की ओर से अभी तक एक भी बड़ी कार्यवाही नहीं हुई है।

खंड-1

मध्यप्रदेश शासन

कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर मध्यप्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या / ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक / /2026

1. वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं लेखा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्र.	सामग्री का विवरण	इकाई	अनुमानित मात्रा	सत्यांकार निधि	निविदा दस्तावेजों का मूल्य
1	2	3	4	5	6
1	विटरस चाईना ओडीसा पैर्टन W.C. पान फुटरेस्ट- 580x440 mm	NOS	-	20000.00/-	1000.00/-
2	PVC Plus System 10 Ltr.	NOS			
3	PVC 6kg.125 mm Casing Pipe	NOS			
4	PVC 6kg.100 mm Casing Pipe	NOS			
5	CPVC 40 mm Pipe	NOS			
6	CPVC 25 mm Pipe	NOS			
7	CPVC 15 mm Pipe	NOS			
8	CPVC 40mm Socket	NOS			
9	CPVC 25mm Socket	NOS			
10	CPVC 15mm Pipe	NOS			
11	CPVC 40mm Elbow	NOS			
12	CPVC 25mm Elbow	NOS			
13	CPVC 15mm Elbow	NOS			
14	CPVC FABT, MABT	NOS			
15	CPVC MABT	NOS			
16	स्टील एगिलकाग (नग)	NOS			
17	PVC Water Storage Tank 500Ltr.	NOS			
18	PVC वाल 40mm	NOS			
19	Water Tank Fitting Inlet and outlet fitting Socket PVC	NOS			

नोट :- समस्त सामग्री BIS के मानक अनुसार हो एवं उनमें BIS मानक अर्थात ISI Standard का चिन्ह होना अनिवार्य है।

* निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है।
* इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/ कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 12/04/2026 बजे 10:00 AM से दिनांक 02/05/2026 बजे 05:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
* ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
* निविदा पूर्व बैठक दिनांक 28/04/2026 को समय 04:00 PM से 05:00 PM तक सामान्य वनमंडल जबलपुर कार्यालय में आयोजित की जावेगी।
* निविदा से संबंधित समय सारणी ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in पोर्टल में देखी जा सकती है।
* ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्विपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं।
* टीप-उपरोक्त तिथि अनुमानित है कार्य सुविधा अनुसार तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा।
* ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल जबलपुर

जी-11602/26 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

जिस गाड़ी से विभाग काट रहा था चालान वही उड़ा रहा नियमों की धज्जियां

नवभारत, उमरिया। वाहनों की चैकिंग के दौरान सोशल मीडिया वर एक वीडियों वायरल हुआ है जिसकी चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है जिसमें एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक गाड़ी पर आरटीओ स्टाफ लोगों का चालान काटता दिखाई दे रहा है।

इस वीडियो की विशेषता ये है कि जिस गाड़ी में बैठकर आरटीओ स्टाफ आया और सड़क पर खड़ी कर लोगों के कागज चैक कर चालान काट रहा है वही वाहन ट्रैफिक नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहा है। जो युवक वीडियो बना रहा है वो बिना डरे एक नागरिक को मिले अधिकारों के तहत कह रहा है पहले आप अपनी गाड़ी का चालान काटिए फिर मेरी गाड़ी का चालान काटिए

प्राइवेट गाड़ी से आरटीओ स्टाफ काट रहा था चालान

वायरल वीडियो में युवक आरटीओ स्टाफ से कह रहा है आपकी गाड़ी में पीछे नंबर प्लेट नहीं है, इसका टैक्सी परमिट भी नहीं है पहले इसका चालान काटिए फिर मेरी पिकअप गाड़ी का चालान बनाइये, मेरी आरटीओ मैडम से बात कराइए, युवक की बात भी सही है गाड़ी पर जो नंबर प्लेट लगी है उस पर प्राइवेट नम्बर है और नियमानुसार नंबर प्लेट भी हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं है इस पूरे मामले ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि जब नियमों का पालन कराने वाली संस्था के भीतर ही नियमों की अनदेखी हो रही हो, तो आम जनता के साथ सख्ती क्यों? शहर के लोगों का कहना है कि आरटीओ विभाग द्वारा छोटे-छोटे नियमों के उल्लंघन पर चालान काटे जाते हैं, लेकिन यदि विभाग के भीतर ही ऐसे उदाहरण सामने आएंगे, तो फिर आम जनता का क्या होगा। स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर खासा आक्रोश देखा जा रहा है।

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों / सहदेनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया....रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री बबलू प्रसाद, श्री विच्छू, श्रीमती ललिता बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10482965)	पटवारी हल्का संख्या 66, प्लॉट संख्या 32, खसरा संख्या 70, भूमि क्षेत्र 3648 वर्ग फुट, ग्राम मैनहारा, ग्राम पंचायत टेढ़ी, तहसील एवं जिला कटनी, मध्य प्रदेश, 483501, भारत में स्थित क्षेत्रफल (वर्ग फुट में) संपत्ति का प्रकार: भूमि, निर्मित क्षेत्र क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल: 3648 .00, 900 .00, 720 .00	रुपये 388715/- (रु. तीन लाख अठासी हजार सात सौ पन्द्रह मात्र	17-10-2025	10-04-2026
श्री गुलाब यादव, श्री अरुण कुमार यादव, श्रीमती सेमिया बाई, श्रीमती सुधा बाई यादव डेयरी एवं दूध सप्लायर (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10885123)	651/2, मकान संख्या 154, वार्ड संख्या 13, ग्राम राथेली, उमरिया मध्य प्रदेश, उमरिया, ग्राम पंचायत के पास, उमरिया, मध्य प्रदेश, भारत, 484661 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल: 1001 .00, 600 .00	रुपये 332602/- (रु. तीन लाख बतीस हजार छह सौ दो मात्र)	09-01-2026	11-04-2026
श्री माधव प्रसाद विश्वकर्मा श्रीमती अनीता विश्वकर्मा विश्वकर्मा किराना और आटा चक्की (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10648814)	पी.एच. संख्या 16, भूमि क्षेत्र 700 वर्ग फुट, स्थित दमोह, जिला दमोह, मध्य प्रदेश, 470775, भारत 470775 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल: 600	रुपये 373074 .03 (रु. तीन लाख तिहेत्तर हजार चौहतर और पैसा तीन मात्र)	05-01-2026	11-04-2026
श्री बासंता कोल, श्रीमती सुनीता कोल, बासंता फर्नीचर (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल10517049)	159, वार्ड नंबर 9, ग्राम पथारी, पिनौरा नवरोजाबाद, उमरिया, शिव मंदिर, उमरिया, मध्य प्रदेश, भारत, 484661 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 358,350	रुपये 231317/- (रु. दो लाख इकतीस हजार तीन सौ सत्रह मात्र)	09-01-2026	11-04-2026

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिस:** 225, नेपियर टाउन, दूसरा माला, अपोजिट चंद्रिका टॉवर्स, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर-482001/या **कार्पोरेट ऑफिस**- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- जबलपुर, दिनांक- 16-4-2026 प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

आम सूचना

सर्वसाधरण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक, एस.एम.ई. शाखा, सिविल लाईन, जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. के पक्ष में खातेदार- मे. बायोक्लेरिटी हेल्थ केयर प्रा.लि. जबलपुर द्वारा विकसित कॉलोनी पुरुषार्थी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड आदर्श नगर कॉलोनी, नर्मदा रोड, बावूराव परांजपे वार्ड नं.-9, के हिस्से में स्थित खसरा नं.-65, 51, 52/1, 52/5, 53/1, 54/1, 52/1, 57, 56, 64/1, 66/1, 70, 35, 30, 70/1, 65/1, 51/2, 63, में से खरीदा गया लेआउट प्लाट न.- 34, कारपोरेशन मकान नं.- 1259, 1260, 1261, नामांतरण, पश्चात् खसरा नं.- 52/1/ग/12 का 7202 वर्गफुट, पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक- 21/10/2010, पु.कं.- अ-1, ग्रंथ नं.- 462, पेज नं.- 85, से 99, दस्तावेज नं.-1429/2, उक्त पंजीकृत विक्रय विलेख लेमीनेटेड करवा लिया था, जिसे बैंक मे बंधक के लिए रखा जाना हैं। यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति, फर्म या वित्तीय संस्था, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति से संबंधित किसी न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण की कोई जानकारी हो तो मय विधिमान्य दस्तावेजों के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर, मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा किसी प्रकार की अपत्ति मान्य नही की जावेगी, न ही बंधनकारी रहेगीं। जिससे होने वाले समस्त हर्जे-खर्चे एवं नुकसानी हेतू ऐसा बंधकदार/व्यक्ति स्वतः जिम्मेदार होकर दायित्वहीन होगा।

प्रवीण कुमार जैन
(एडवोकेट)
मो. 8103903564

Date-14/04/2026

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र)

// द्वितीय निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	PRO- 76 2026_UAD_499882_1 Date-15/04/2026	पं. लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित नया मोहल्ला क्षेत्र बंदकुंआ मैदान से शमसेर मार्केट तक नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य।	03 माह ₹.5.51 लाख	2000/- 5511/-	29/04/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाईट https://mptender.gov.in पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म) नगर निगम जबलपुर